# राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registar.rmpu@gmail.com

दिनांकः 13 अगस्त, 2025

पत्रांकःआर0एम0पी0यू0 / 1561 / 2025

## सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यलय के विद्यार्थियों को परिवहन सेवा उपलब्ध कराये जाने के अनुरोध एवं मण्डलायुक्त के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, अलीगढ़ द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश संख्या क्षेप्र0 / अली0 / संचालन / 2025 / 3971 दिनांक 04 अगस्त, 2025 को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के छात्र–छात्राओं को परिवहन निगम की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अलीगढ़ खैर–टप्पल–बल्लभगढ़ / नोयडा मार्ग पर ''राजा महेन्द्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी'' फेयर स्टॉपेज घोषित किया गया है। उक्त विश्वविद्यालय की दूरी अलीगढ़ सेटैलाइट बस स्टेशन से मात्र 13 कि0मि0 है तथा किराया–20 रू0 निर्धारित है।

तदानुसार अलीगढ़ खैर–टप्पल–बल्लभगढ़ / नोयडा मार्ग पर संचालित होने वाली सभी बसों का राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पर ठहराव होने के कारण विद्यार्थियों द्वारा परिवहन सेवा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

भवदीय

(पवन कुमार)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. कुलसचिव कार्यालय।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. मीडिया प्रभारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि सम्मानित सम्पादक दैनिक समाचार पत्र से समन्वय स्थापित करते हुए छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी वेबसाइट उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

उप कुलसचिव